आवश्यक / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृतशिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

सेवामें,

समस्त उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं
कार्यालय–संयुक्त शिक्षा निदेशक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः सं0परि0 / 23404–24771 / 2025–26 दिनांक 01 जनवरी 2026

विषयः पूर्व मध्यमा द्वितीय के सतत व्यापक मूल्यॉकन के अंक वेबसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय

उ0 प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा वर्ष 2026 की परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 19.02.2026 से 28.02.2026 के मध्य किया जाना है। विद्यालयों द्वारा पूर्व मध्यमा द्वितीय स्तर पर सतत् व्यापक मूल्यॉकन की परीक्षा सम्पन्न करा ली गयी होगी। छात्र / छात्राओं द्वारा आन्तरिक मूल्यॉकन में प्राप्त अंको का विवरण छात्र की पंजीकरण संख्या के आधार पर वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है। वेबसाइट पर अंकों को अपलोड करने हेतु वेबसाइट दिनांक 25.01.2026 से 05.02.2026 तक क्रियाशील रहेगी।

अतः अपने मण्डल के सभी संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को इस आशय के निर्देश निर्गत कर दें कि वे निर्धारित तिथि तक वेबसाइट पर आन्तरिक मूल्यॉकन के अंकों को अनिवार्य रूप से अपलोड करें। निर्धारित तिथि के पश्चात् वेबसाइट स्वतः बन्द हो जायेगी।

विद्यालयों से आन्तरिक मूल्यॉकन के अंकों की विषयवार एक प्रति प्राप्त कर अपने हस्ताक्षरोपरान्त दिनांक 08.02.2026 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से परिषद कार्यालय को आप द्वारा प्रेषित की जायेगी। समय–सीमा को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

भवदीय
1-1-2026
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृतशिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0 / 24404–24771 / 2025–26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. शिक्षा निदेशक (मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,18–पार्क रोड, लखनऊ।
2. समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त प्रधानाचार्य, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय उत्तर प्रदेश।

1-1-2026
सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृतशिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।